
सुविचार



बुरे विचारों को न पालें, अच्छा दिखने के लिए नहीं बल्कि अच्छा बनने के लिए जिएं।

- डॉ. भीमराव आंबेडकर

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, बुधवार, 18 फरवरी 2026


## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- एटीएस अधिकारी बन ठगे 90 लाख, तीन गिरफ्तार II
- संस्कृति से परिचित करा पर्यटकों को दिया केरल आने का न्योता III
- तनावमुक्त होकर उत्सव की तरह दें परीक्षा IV


## शहर में आज



- छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में रिक्रूटिंग जोन उप्र एवं उत्तराखंड की अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती- 7:00 बजे से।
- सीएसआईआर सीमैप में बिहार के सारण व छपरा के किसानों के आर्थिक व सुगंध पौधों की खेती के प्रशिक्षण- 10:00 बजे से।
- कैफ़ी आजमी अकादमी में रफ़ी अहमद किदवई की जयंती पर परिचर्चा और पुरुषोत्तम अग्रवाल की पुस्तक मजबूती का नाम महात्मा गांधी पर चर्चा- 3:00 बजे से।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में नाट्य संस्था रंग संगम की ओर से हास्य नाटक फनकार का मंचन- 4:30 बजे से।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में नाट्य संस्था रंगसंगम की ओर से नाटक दूसरा आदमी दूसरी औरत का मंचन- 6:30 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# जर्मनी से आएंगे पुर्जे तब ठीक होगी ट्रॉमा सेंटर की सीटी स्कैन मशीन

- मशीन खराब होने से ट्रॉमा सेंटर में हेड इंजरी की जांचें प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ट्रॉमा सेंटर में सीटी स्कैन मशीन खराब हो जाने से गंभीर मरीजों की जांच व्यवस्था प्रभावित हो गई है। खासकर सिर में चोट (हेड इंजरी) वाले मरीजों को समय पर जांच न मिल पाने से तीमारदारों की चिंता बढ़ गई है।

ट्रॉमा सेंटर में प्रतिदिन 150 से अधिक मरीजों के सीटी स्कैन किए जाते हैं। इनमें बड़ी संख्या सिर में गंभीर चोट के मामलों की होती है, जिनमें तत्काल जांच जरूरी होती है। मशीन खराब होने के कारण फिलहाल ट्रॉमा में सीटी स्कैन सेवा पूरी तरह ठप है। मरीजों को करीब आधा किलोमीटर दूर रेडियोलॉजी विभाग या शताब्दी भवन भेजा जा रहा है। गंभीर हालत में मरीजों को स्ट्रेचर और व्हीलचेयर से ले जाना पड़ रहा है, जिससे तीमारदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रॉमा प्रशासन ने मशीन खराब होने की सूचना स्थानीय इंजीनियरों को दी। इंजीनियरों के मुताबिक मशीन के जरूरी पुर्जे भारत में उपलब्ध नहीं हैं और उन्हें जर्मनी से मंगाया गया है। पुर्जे आने में कम से कम दो दिन का समय लग सकता है। ट्रॉमा सेंटर के सीएमएस डॉ. प्रेमराज सिंह ने बताया कि जैसे ही पुर्जे उपलब्ध होंगे, मशीन को दुरुस्त कर सीटी स्कैन सेवा पुनः शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल मरीजों की जांच वैकल्पिक व्यवस्था से कराई जा रही है।

## संविदा न्यूरो सर्जन का कार्यकाल पूरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल में एनएचएम की ओर से न्यूरो सर्जन डॉ. विनोद तिवारी को संविदा पर तैनात किया था। वह दो साल से सेवा दे रहे थे। जनवरी में उनका कार्यकाल पूरा हो गया है। ऐसे में उनकी सेवाएं समाप्त हो गईं। ऐसे में अब सिर्फ डॉ. रघुवीर शरण श्रीवास्तव के भरोसे न्यूरो के मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इससे उन पर मरीजों का दबाव बढ़ गया है। निदेशक डॉ. कविता आर्या ने कहा कि न्यूरो सर्जन तैनात किए जाने की मांग की गई है। जल्द ही तैनाती की उम्मीद है।

## कैंसर संस्थान में फिर शुरू हुआ गरीब मरीजों का इलाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** चक गजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान में गरीब कैंसर मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। असाध्य योजना का बजट खत्म होने से करीब एक माह से प्रभावित इलाज अब दोबारा शुरू हो गया है। शासन की मंजूरी के बाद संस्थान के खाते में एक करोड़ रुपये का बजट जारी कर दिया गया है। अमृत विचार ने इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। संस्थान में लगभग 130 कैंसर मरीज असाध्य योजना में पंजीकृत हैं। बजट समाप्त होने के कारण इन मरीजों का इलाज अटक गया था। कई मरीजों की कीमोथेरेपी और अन्य आवश्यक उपचार रुक गए थे, जिससे उन्हें खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मरीज और उनके परिजन इलाज के लिए डॉक्टरों व प्रशासन के चक्कर काट रहे थे। मंगलवार को शासन स्तर पर मामले में तेजी दिखाई गई और संस्थान के प्रस्ताव को तत्काल मंजूरी दे दी गई। बजट जारी होते ही मरीजों के इलाज की प्रक्रिया दोबारा शुरू कर दी गई है।


कैंसर संस्थान में गरीब मरीजों का इलाज फंसा, बजट खत्म होने की नौबत

अमृत विचार में 13 फरवरी को प्रकाशित खबर।

### प्रतिदिन 500 से अधिक मरीजों की ओपीडी

कैंसर संस्थान की ओपीडी में रोजाना 500 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। संस्थान में करीब 300 बेड हैं, जिनमें अधिकांश भरे रहते हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से कैंसर पीड़ित यहां इलाज के लिए आते हैं। संस्थान में गरीब मरीजों के लिए पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना, आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री राहत कोष, प्रधानमंत्री राहत कोष और असाध्य योजना सहित कई सरकारी योजनाएं संचालित हैं। सितंबर 2022 से यहां असाध्य योजना लागू है। वर्ष 2024-25 के लिए शासन ने एक करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया था, जो अब दोबारा जारी होने से मरीजों को बड़ी राहत मिली है। संस्थान के निदेशक डॉ. प्रो. एमएलबी भट्ट ने कहा कि एक करोड़ रुपये का बजट मिल गया है। अब गरीबों के इलाज में कोई कठिनाई नहीं होगी।

## पहले दिन 30 प्रतिशत यात्रियों ने क्यूआर कोड से लिया टिकट

अमृत विचारः लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की ओर से शुरू की गई क्यूआर आधारित टिकटिंग सेवा के पहले ही दिन यात्रियों में उत्साह देखने को मिला। लगभग 30 प्रतिशत दैनिक यात्रियों ने पहले दिन क्यूआर टिकट का उपयोग किया। नई व्यवस्था के तहत यात्री आधिकारिक मोबाइल ऐप "लखनऊ मेट्रो ऑफिशियल , टिकट वेंडिंग मशीन तथा टिकट काउंटर से क्यूआर टिकट आसानी से बुक कर सकते हैं। मोबाइल ऐप से टिकट बुक करने पर यात्रियों को उनके फोन में डिजिटल क्यूआर टिकट प्राप्त होता है, जबकि टिकट काउंटर और निर्धारित टीवीएम से पेपर क्यूआर टिकट दिया जाता है।

# अब बड़ी संस्थाएं करेंगी पार्कों का रख-रखाव

## नगर निगम 100-100 पार्कों के पैकेज में कराएगा टेंडर

- 2738 शहर के छोटे-बड़े पार्क किए गए चिन्हित
- 2369 पार्कों का नगर निगम खुद कर रहा है अनुरक्षण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम के पार्कों का अब बड़ी संस्थाएं रख-रखाव करेंगी। अगले महीने से नगर निगम का उद्यान विभाग इसके लिए टेंडर निकालेगा। 100-100 पार्कों के पैकेज में एक वर्ष के लिए टेंडर निकाले जाएंगे। अगले वित्तीय वर्ष के अप्रैल माह से पार्कों का अनुरक्षण कार्य शुरू हो जाएगा। नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक और सदन में यह प्रस्ताव पास हो चुका है।

शहर में नगर निगम ने करीब 2738 छोटे-बड़े पार्क चिन्हित किए हैं। इनमें 2369 पार्कों का अनुरक्षण नगर निगम कर रहा है। निगम वार्ड वार ही कार्यदाई संस्थाओं से अनुरक्षण करा रहा है। निगम के पास अनुरक्षण के लिए पर्याप्त माली और कर्मचारी न होने के कारण अब अनुरक्षण का कार्य निजी संस्थाओं को देने पर सहमति बन गईहै। जल्द ही गोमती नगर विस्तार, जानकीपुरम विस्तार सहित कुछ निजी सोसाइटी हैंडओवर हो जाएंगी। जिससे इन कालोनियों के लगभग 200 से अधिक पार्क बढ़ जाएंगे। नगर निगम का उद्यान विभाग इन पार्कों का अनुरक्षण भी संस्थाओं से कराने के लिए टेंडर एक साथ निकालेगा, जिससे शहर के सभी पार्कों का रख-रखाव किया जा सके। नगर निगम ने पार्कों के अनुरक्षण पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट में धनराशि की बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार किया है। पार्कों का अनुरक्षण का बजट 38.38 करोड़ से बढ़ाकर 42 करोड़ कर दिया है। साथ ही पार्कों की रंगाई-पुताई पर भी 6 करोड़ रुपये खर्च करेगा।

### अधिक अंक पाने वाले वार्ड को मिलेगा पुरस्कार

नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण को देखते हुए सभी 110 वार्डों में 17 फरवरी को स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता शुरू की है, जो 28 फरवरी तक चलेगी। सर्वाधिक अंक पाने वाले वार्ड को पुरस्कृत किया जाएगा। महापौर ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत सोर्स सेग्रीगेशन, कम्युनिटी एवं होम कंपोस्टिंग, डोर-टू-डोर कलेक्शन, सिंगल यूज प्लास्टिक निषेध, स्वच्छ शौचालय, नाला-नाली सफाई, जीरो वेस्ट इवेंट्स, आईईसी अभियान, जीवीपी व ब्लैक स्पॉट ट्रांसपोर्टेशन, स्वच्छ बैक लेन, स्कूल-कॉलेजों में स्वच्छ सारथी क्लब तथा स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की सहभागिता जैसे 12 बिंदुओं पर अंक दिए जाएंगे।

### गंदगी और पॉलीथिन मिलने पर वसूला अर्थदंड

नगर निगम ने मंगलवार को जोन 8 और 3 में गंदगी, प्रतिबंधित पॉलीथिन और बिना लाइसेंस तम्बाकू उत्पाद बेचने पर कुल 66,500 रुपये अर्थदंड वसूला। जोन-8 के सुशांत गोल्फ सिटी स्थित सेंट्रल होटल के आस-पास निरीक्षण के दौरान कई दुकानों और प्रतिष्ठानों में गंदगी पाए जाने पर मौके पर कार्रवाई करते हुए 41,000 रुपये अर्थदंड वसूला। अभियान में जोनल सेनेटरी अधिकारी जितेंद्र गांधी, मो. नईम, मीरा राव, वीरभद्र सिंह, सत्येंद्र नाथ सहित अन्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक और सहायक कर्मचारी उपस्थित रहे। जोन 3 में जोनल सेनेटरी ऑफिसर मनोज यादव के निर्देश पर पुरनिया तिराहे से केंद्रीय भवन तक चलाये गए अभियान में गंदगी फैलाने पर 9 लोगों से 10,500 रुपये अर्थदंड वसूला। प्रतिबंधित पॉलीथीन पाए जाने पर 7 चालान कर 10,000 रुपये जमा कराया। बाजार में बिना लाइसेंस तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद बेचने वाले 25 दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 5,000 रुपये जमा कराए।

## घटिया निर्माण मिलने पर विधायक ने लगाई फटकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधायक डॉ. नीरज बोरा ने मंगलवार को फैजुल्लागंज तृतीय वार्ड स्थित सेंट जोसेफ कॉलेज के पीछे मंदिर परिसर एवं आसपास की कॉलोनियों में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता और जनसमस्याओं को लेकर अधिकारियों की जवाबदेही तय की। निरीक्षण के दौरान डॉ. नीरज बोरा ने नाली निर्माण कार्य में प्रयुक्त हो रही सामग्री की गुणवत्ता अत्यंत निम्न स्तर की पाई। इस पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और स्पष्ट किया कि जनता के पैसे का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं। पार्षद प्रदीप शुक्ला, दिनेश तिवारी, कुलदीप तिवारी, शैलेन्द्र मौर्य, अनिल मिश्रा, किशोर प्रजापति, निर्देश दीक्षित मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### आज बदलेगा मौसम बूंदाबांदी के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ और आस-पास आज दोपहर बाद मौसम में बदलाव होगा। बादल छाए रहेंगे कहीं-कहीं बूंदाबांदी के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव होने से मंगलवार को हल्की बारिश की संभावना है। न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके बाद दो से तीन डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट हो सकती है।

### आज नजर आ सकता है रमजान का चांद

**अमृत विचार, लखनऊ :** मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास और मरकजी चांद कमेटी फिरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने लोगों से अपील की है कि वह 18 फरवरी को रमजान का चांद देखने की कोशिश करें, अगर कहीं चांद नजर आता है तो इसकी सूचना चांद कमेटी को दें। दोनों कमेटियों ने कहा है कि 18 फरवरी को रमजान का चांद नजर आने की संभावना है।

### फीडर में धमाके से संविदाकर्मी झुलसा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लेसा के अपट्रान उपकेंद्र में मंगलवार को फीडर में धमाके से संविदाकर्मी संदीप झुलस गया। दोपहर लगभग 2:30 बजे हुई इस घटना के बाद साथी कर्मचारियों ने उसे नेशनल हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उसकी हाल नाजुक देख डॉक्टरों ने सिप्स में रेफर कर दिया। कर्मचारी संगठन के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पांडेय ने मांग की है कि संविदा कर्मचारी का उचित उपचार कराया जाए तथा घटना की जांच कराते हुए दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## हाउज़ दैट' नहीं, किम् आउट?





टी 20 विश्वकप के खुमार में दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमी डूबे हुए हैं। ऐसे में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ के परिसर में वेदपाठियों द्वारा धोती-कुर्ते में मैच खेलना एक अलग नजारा पेश कर रहा है। गेंदबाज जब रन-अप लेता है तो लगता है मानो किसी संस्कृत नाटक का नायक युद्धभूमि की ओर बढ़ रहा हो। बल्लेबाज का स्ट्रेट ड्राइव ऐसा कि मानो 'अर्जुन' ने गांडीव तान दिया हो। मैदान में 'हाउज़ दैट' की जगह "किम् आउट?" गूंजता है। -शुभंकर चक्रवर्ती

# पेट की टीबी के लक्षणों को न करें नजरअंदाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** पेट की टीबी के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं, समय पर पहचान न होने पर ये बीमारी गंभीर रूप ले सकती है। ये जानकारी मंगलवार को केजीएमयू में सर्जिकल एजुकेशन प्रोग्राम में गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. जीडी यादव ने दी।

केजीएमयू के जनरल सर्जरी विभाग के स्थापना दिवस समारोह से पूर्व सर्जिकल एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. यादव ने बताया कि पेट की टीबी आंतों, पेट की परत या लसीका ग्रंथियों को प्रभावित करती है। इसके प्रमुख लक्षणों में तेजी से वजन घटना, लगातार पेट दर्द, भूख न लगना, हल्का बुखार, उल्टी-दस्त, पेट में सूजन और कमजोरी शामिल हैं। कई मरीज इन लक्षणों को सामान्य गैस या अपच समझकर अनदेखा कर देते हैं, जिससे बीमारी बढ़ जाती है। कार्यक्रम में प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ. बृजेश मिश्रा और डॉ. हर्षवर्धन ने बर्न (जलने) की चोटों के उपचार पर जानकारी दी। ट्रॉमा सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप तिवारी और पूर्व प्रोफेसर डॉ. विनोद जैन ने छाती और पेट की चोटों के प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। डॉ. सुरेश कुमार ने छाती के रोगों के उपचार पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर डॉ. अक्षय आनंद, डॉ. शैलेंद्र यादव, पीडियाट्रिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. जेडी रावत और डॉ. अर्चिका सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे। आयोजन सचिव डॉ. गीतिका नंदा ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न मेडिकल संस्थानों के करीब 140 डॉक्टरों और छात्रों ने भाग लिया।

# लुटेरे से भिड़ी महिला बाइक के साथ घिसटी

- मोहल्ले वाले दौड़ को बदमाश धक्का देकर भाग निकला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः वृंदावन कॉलोनी सेक्टर-11 में मंगलवार सुबह बैंक मैनेजर की पत्नी रीता ने बाइक सवार लुटेरे से मोर्चा लिया। चेन बचाने के लिए करीब सात मिनट तक वह अकेले ही बदमाश से भिड़ी रहीं। पकड़ छुड़ाने के लिए बदमाश ने बाइक की रफ्तार बढ़ायी। रीता घिसटती लेकिन पकड़ ढीली नहीं हुई। मोहल्लेवालों को दौड़ता देख बदमाश रीता को धक्का देकर गिरा दिया और फरार हो गया। घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई।

एसजीपीजीआई की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा के प्रबंधक प्रवीण झा की पत्नी रीता मंगलवार सुबह घर के बाहर कुर्सी पर बैठी थीं। इस बीच उनकी कुर्सी के पीछे एक बाइक रुकी। बाइक सवार ने दो बार उनके पास आकर पता पूछा। तीसरी बार आया गले में पड़ी उनकी चेन तोड़कर बाइक से भागने लगा। रीता ने दौड़ाकर बदमाश को पीछे से पकड़ लिया। बदमाश ने बाइक की रफ्तार बढ़ाई, रीता घिसटती रही, लेकिन बदमाश को नहीं छोड़ा और शोर मचाती रहीं। राहगीरों को आता देख बदमाश रीता को धक्का देकर भाग निकला। सड़क पर गिरने से रीता के हाथ-पैर और पीठ में चोट आई। पड़ोसियों ने घायल हालत में रीता को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। सीसी फुटेज में कैद बदमाश सफेद फुल शर्ट और हाफ जैकेट पहने है। सिर पर टोपी लगा रखी है। फुटेज में दिखा कि बदमाश कुछ देर तक खड़ा होकर अंगड़ाई लेता है और फिर झपट्टा मार कर चेन लूटकर भागने लगा। इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता ने अभी तहरीर नहीं दी है। सीसी फुटेज के आधार पर बदमाश की तलाश में दो टीमें गठित की गई हैं।

उपलब्धि

प्रयागराज कुंभ मेले के दौरान 18 फरवरी 1911 को प्रयागराज से चिट्ठी लेकर नैनी तक उड़ा था पहला विमान

# हवाई डाक सेवा ने पूरी कर ली 115 वर्ष की उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः 18 फरवरी 1911 दिन शनिवार को प्रयागराज से दुनिया की पहली आधिकारिक हवाई डाक सेवा की शुरुआत हुई थी। ये उड़ान प्रयागराज से नैनी तक संचालित की गई थी। हवाई डाक सेवा के इस सफर ने 18 फरवरी मंगलवार को 115 वर्ष पूरे कर लिए। वर्ष 1911 प्रयागराज कुंभ मेले के दौरान हवाई डाक सेवा शुरू हुई थी। डाक विभाग के अभिलेखों के अनुसार, फ्रांसीसी पायलट मोनसियर हेनरी पिक्वेट ने 6500 पत्रों की खेप लेकर यमुना तट से उड़ान भरी और लगभग 15 किलोमीटर दूर नैनी तक डाक पहुंचाई। यह उड़ान करीब 13 मिनट में पूरी हुई थी। विमान नैनी जंक्शन के निकट बाहरी क्षेत्र में उतरा था। डाक विभाग का दावा है कि यह विश्व की पहली सरकारी आधिकारिक हवाई डाक सेवा थी। उस समय प्रयुक्त विमान दे हैवीलैंड श्रेणी का था, जिसने डाक परिवहन के क्षेत्र में नया इतिहास रचा।

### विभाग के पास था अपना विमान

डाक विभाग के पास वर्षों तक अपना एक विमान भी रहा, जिसका उपयोग डाक परिवहन में किया जाता था। हालांकि लगभग 20 वर्ष पूर्व इस विमान को पुराना और अनुपयोगी घोषित कर शासन की अनुमति से बेच दिया गया। बढ़ते रखरखाव खर्च और तकनीकी कारणों से इसे कंडम घोषित किया गया था।

### समय के साथ हाईटेक हुआ डाक विभाग

पोस्टमास्टर जनरल मुख्यालय परिक्षेत्र लखनऊ सुनील कुमार राय के अनुसार हवाई डाक सेवा के 115 वर्ष पूरे होना देश और प्रदेश के लिए गौरव की बात है। विश्व की पहली डाक उड़ान उत्तर प्रदेश की धरती से हुई थी, जो आज भी ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में दर्ज है। वर्षों में डाक विभाग ने स्वयं को आधुनिक तकनीक से लैस किया है। आज डाकिए डिजिटल उपकरणों से लैस हैं, पार्सल ट्रैकिंग ऑनलाइन हो रही है और स्पीड पोस्ट जैसी सेवाएं देशभर में तेज़ी से संचालित की जा रही हैं।

### कोरियर कंपनियां भी लेती हैं सहारा

उन्होंने कहा कि भले ही आज निजी कोरियर एजेंसियों की संख्या बढ़ गई हो, लेकिन देश में सर्वाधिक पत्र और पार्सल परिवहन अब भी डाक विभाग के माध्यम से ही होता है। कई निजी कंपनियां भी दूरस्थ जिलों और राज्यों में अपनी सामग्री पहुंचाने के लिए डाक विभाग की सेवाओं का उपयोग करती हैं।

### डाकिए का इंतजार और बदलता दौर



आजादी से पहले डाकिए का इंतजार लोगों के जीवन का अहम हिस्सा हुआ करता था। लोग अपने परिजनों की चिट्ठियों के लिए हफ्तों प्रतीक्षा करते थे। डाकिए के दरवाजे पर पहुंचते ही घर में उत्साह का माहौल बन जाता था। समय बदला, संचार के साधन बदले, लेकिन डाक सेवा का महत्व आज भी कायम है। प्रयागराज से शुरू हुई यह ऐतिहासिक हवाई डाक उड़ान भारतीय डाक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जिस पर पूरा देश गर्व करता है।

### डाक सेवा समाधान दिवस 20 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीपीओ में 20 फरवरीको डाक सेवा समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पोस्टमास्टर जनरल मुख्यालय परिक्षेत्र लखनऊ सुनील कुमार राय की उपस्थिति में होगा। डाक सेवाओं को बेहतर बनाने और शिकायत निवारण तंत्र को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस पहल की शुरुआत की गई है। प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शुक्रवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लखनऊ परिक्षेत्र के मंडलों में मंडलाध्यक्षों की अध्यक्षता में समाधान दिवस में ग्राहकों की समस्याओं का उसी दिन समाधान करने का प्रयास किया जाता है। इस कार्यक्रम में लखनऊ जिले से संबंधित सभी लंबित और नई शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाएगा।

# लाखों रुपये खर्च कर विदेश में पढ़े, अब ईडब्ल्यूएस कोटे में हासिल की नौकरी

## समाजसेवी सूरज कश्यप ने शिकायत कर लगाया आरोप

- विभागीय कर्मियों ने दी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवाने की सलाह
- कोटे से तीन- चार को मिली हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर तैनाती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विदेशों में लाखों रुपये खर्च कर डॉक्टर की डिग्री लेने वालों ने आर्थिक कमजोर होने का प्रमाण पत्र बनवाकर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर ईडब्ल्यूएस कोटे से नौकरी हासिल कर ली। ये हेराफेरी भी संविदा के आधार पर नौकरी के लिए की गई।

समाजसेवी सूरज कश्यप ने मामले की शिकायत की है। जिसमें उन्होंने आर्थिक रूप से सक्षम अभ्यर्थियों पर फर्जी आय प्रमाण पत्र के आधार पर आरक्षण का लाभ उठाने का आरोप लगाया है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के लिए 7 जनवरी को सीएमओ कार्यालय में साक्षात्कार हुए थे। 55 पदों के सापेक्ष लगभग 400 अभ्यर्थी साक्षात्कार में शामिल हुए। इनमें निजी मेडिकल कॉलेजों और विदेश से एमबीबीएस करने वाले अभ्यर्थी भी शामिल हुए थे।

सूत्रों के अनुसार विभाग के कर्मचारियों ने लाखों रुपये खर्च कर विदेश से पढ़कर आए कुछ अभ्यर्थियों को ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवाने की सलाह दे दी। प्रमाण पत्र तैयार कराकर चयन प्रक्रिया में शामिल हुए। ईडब्ल्यूएस कोटे से तीन से चार डॉक्टरों का चयन कर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर तैनाती भी दे दी गई है। ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत वार्षिक आय आठ लाख रुपये से कम होने पर ही पात्रता मिलती है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए शिक्षा और सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है।सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के दौरान यदि प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए तो संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा और उनकी सेवाएं समाप्त की जाएंगी।

## सिटी ब्रीफ

### कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई चोरी की रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर-1 निवासी हरीकेश यादव के मुताबिक उनके घर में हरदोई के अतरौली थाना क्षेत्र की रहने वाली सतवन्ती साफ-सफाई का काम करती थी। आरोप है कि 2 सितंबर 2024 को वह सफाई के बहाने घर आई और मौका पाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। काफी तलाश के बाद भी नौकरानी का पता नहीं चल सका। पीड़ित का आरोप है कि संपर्क करने पर आरोपित व उसके परिजनों ने धमकी दी। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पीजीआई पुलिस ने सतवन्ती और उसने परिजनों के खिलाफ रविवार को रिपोट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोवा जा रहे यात्री के बैग में मिला कारतूस

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से सोमवार को पत्नी के साथ गोवा जा रहे एक यात्री के बैग में सुरक्षा जांच के दौरान .32 बोर का जिंदा कारतूस मिला। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, कानपुर निवासी आकाश कुमार की 11 फरवरी को शादी हुई थी। सोमवार को वह अपनी पत्नी के साथ दोपहर करीब 3 :30 बजे गोवा जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई-399) से यात्रा करने पहुंचे थे। सुरक्षा जांच के दौरान उनके बैग से .32 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि कारतूस गलती से बैग में रह गया था। लाइसेंस सत्यापन के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया, लेकिन तब तक उसकी निर्धारित उड़ान जा चुकी थी।

### पड़ोसी ने रॉड से कुत्ते व महिला पर किया हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर के मुलायमनगर इलाके में पालतू कुत्ते को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि पड़ोसी ने कुत्ते पर रॉड पर हमला कर दिया। विरोध करने पर मालकिन पर भी रॉड से वार किया। हमले में वह बेहोश हो गईं। महिला की शिकायत पर गाजीपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मुलायमनगर के आर्दश एंक्लेव निवासी सिम्मी प्रजापति ने बताया कि 15 फरवरी को उनकी किराएदार ने पालतू कुत्ते को खोल दिया था। वह अपने कुत्ते को बाहर पकड़ने के लिए गईं। उन्होंने देखा कि पड़ोसी जितेन्द्र गौड़ उनके कुत्ते को रॉड से मार रहा था। सिम्मी ने विरोध कर बचाने का प्रयास किया तो उनके ऊपर भी पड़ोसी ने हमला कर दिया। किराएदार बचाने के लिए पहुंचा तो उसके साथ भी अभद्रता की गई।

### दुकानदार को धमकाने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुतक्कीपुर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि वह पत्नी के साथ आईआईएम तिराहे पर पान मसाले की दुकान चलाते हैं। सोमवार को एक युवक सिगरेट खरीदने आया। पैसे मांगने पर वह भड़क गया और पैंट में खोंसी पिस्तौल निकालकर धमकाने लगा। उसने कहा, "तुम्हारी इतनी हिम्मत कि मुझसे पैसे मांगोगे।" शोर मचाने पर आसपास भीड़ जुटने लगी, तो आरोपी मोटरसाइकिल छोड़कर भाग निकला। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के मुताबिक, मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर नंबर के आधार पर वाहन स्वामी का पता किया। बाइक मायापुरम डिप्टी खेड़ा निवासी शशिकांत के नाम पंजीकृत मिली। जांच के दौरान पुलिस टीम ने सर्विस रोड से आरोपी अनूप प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया।

### पांच के खिलाफ आरोप पत्र तैयार

**अमृत विचार, लखनऊ :** फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी मामले की जांच कर रही एसआईटी ने आरोप पत्र तैयार कर लिया है। गिरोह के मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल समेत पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र बनाया गया है। शुभम वर्तमान में दुबई में छिपा बताया जा रहा है। आरोप पत्र में उसके नेटवर्क का विस्तृत विवरण और दो दर्जन से अधिक दवा कंपनियों के संचालकों के नाम शामिल किए गए हैं। जल्द ही आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया जाएगा। उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के अनुसार, एसआईटी के आरोप पत्र में शुभम जायसवाल के बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह, अमित टाटा, विभोर राणा और विशाल से संपर्कों का ब्योरा दिया गया है। इसमें लखनऊ से लेकर धनबाद तक करोड़ों रुपये के लेन-देन की पूरी जानकारी दर्ज है। साथ ही बांग्लादेश और नेपाल सीमा तक फैले तस्करी नेटवर्क का विवरण भी शामिल किया गया है। एसटीएफ ने वाराणसी, लखनऊ, सोनभद्र, गाजियाबाद समेत कई स्थानों पर संचालित बैंक खातों का भी उल्लेख किया है।

# एटीएस अधिकारी बन ठगे 90 लाख, तीन गिरफ्तार

## साइबर क्राइम थाने की टीम ने अंतरराज्यीय गिरोह का किया खुलासा, जानकीपुरम निवासी वृद्धा को 10 दिन डिजिटल अरेस्ट कर की थी ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एटीएस अधिकारी बन जानकीपुरम निवासी वृद्धा को 10 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर साइबर ठगों ने 90 लाख रुपये ठग लिए। साइबर क्राइम थाने की टीम ने 12 फरवरी को एफआईआर दर्ज कर अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया और तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, चेकबुक और डेबिट कार्ड समेत कई अहम साक्ष्य बरामद किए गए हैं।

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के मुताबिक जानकीपुरम गार्डेन निवासी राकेश बाजपेयी पत्नी वीना बाजपेयी के साथ रहते हैं। राकेश के अनुसार 26 जनवरी 2026 को वीना बाजपेयी के मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एटीएस मुख्यालय में तैनात इंस्पेक्टर रंजीत कुमार बताया और आतंकवाद व मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त होने का आरोप लगाकर डराया। आरोपी ने तत्काल गिरफ्तारी की धमकी देकर सिग्नल ऐप डाउनलोड कराया। इसके बाद सिग्नल पर खुद को एटीएस अधिकारी बताने वाले अजय प्रताप श्रीवास्तव ने संपर्क कर फर्जी सुप्रीम कोर्ट आदेश, सीजर दस्तावेज और जांच प्रक्रिया दिखाकर विश्वास में लिया। आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने और खातों के सत्यापन के नाम पर बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर कराए।



पकड़े गये डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने के आरोपी। अमृत विचार

### आर्थिक तंगी व कर्ज ने बनाया ठग

- पूछताछ में मयंक ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण वह इरशाद के संपर्क में आया। कमीशन के लालच में उसने अपना बैंक खाता उपलब्ध कराया। सात फरवरी को उसे दिल्ली बुलाकर पहाड़गंज के होटल में ठहराया गया, जहां उसकी मुलाकात मनीष उर्फ आकाश और जीतू उर्फ जितेंद्र से कराई गई। उसके मोबाइल से पासवर्ड लेकर साइबर ठगी की रकम का लेनदेन कराया गया। बदले में दस हजार रुपये दिए गए और दो लाख रुपये देने का आश्वासन दिया गया। उसकी आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक की चेकबुक व डेबिट कार्ड भी रख लिए गए। इरशाद तीन प्रतिशत कमीशन पर खाताधारकों की व्यवस्था करता था, जबकि आकाश ठगी की धनराशि के लेनदेन में सक्रिय भूमिका निभाता था। पुलिस के मुताबिक मयंक के खाते में 9 फरवरी को 1.06 करोड़ रुपये की संदिग्ध रकम आई थी, जिसकी एनसीसीआरपी पोर्टल पर जांच में कई राज्यों की शिकायतें जुड़ी मिलीं।

### 10 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर ठगे रुपये

- पीड़ित के मुताबिक 29 जनवरी से 9 फरवरी तक उन्हें डिजिटल अरेस्ट रखा गया और अलग-अलग तिथियों पर एक दर्जन से अधिक खातों में 90 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। बाद में 11 लाख रुपये और मांगे गए। असमर्थता जताने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और बैंक ट्रांजेक्शन के आधार पर गोरखपुर पिपराइच निवासी मयंक श्रीवास्तव, गाजियाबाद निवासी इरशाद और दिल्ली निवासी मनीष कुमार उर्फ आकाश को गिरफ्तार किया गया।

### गिरोह ऐसे करता था डिजिटल अरेस्ट

- इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के अनुसार गिरोह जरूरतमंद लोगों को लालच देकर उनके बैंक खाते, चेकबुक और डेबिट कार्ड हासिल करता था। खुद को पुलिस, सीबीआई या अन्य एजेंसी का अधिकारी बताकर कॉल कर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों में फंसाने की धमकी देता और बड़ी रकम ट्रांसफर कराता था। बाद में रकम को अलग-अलग खातों व नकद निकासी के जरिए बांट दिया जाता था। पहचान छिपाने के लिए फर्जी नाम, व्हाट्सएप कॉल और अलग-अलग शहरों के होटलों का उपयोग किया जाता था। आरोपियों के पास से तीन मोबाइल, आईसीआईसीआई व एचडीएफसी बैंक की चेकबुक और डेबिट कार्ड बरामद किए गए हैं।

**पुलिस की अपील:** पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भारत में "डिजिटल अरेस्ट" जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं है। कोई भी एजेंसी फोन या वीडियो कॉल पर गिरफ्तारी नहीं करती और न ही खातों की जांच के नाम पर पैसे ट्रांसफर करने को कहती है। साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

### अंसल निदेशकों ने प्लॉट के नाम पर ठगे 16.53 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाइटेक आवासीय योजना के नाम पर करोड़ों रुपये के फर्जीवाड़े के आरोपों में घिरी अंसल प्रॉपर्टीज एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के निदेशकों के खिलाफ शिकायतों का सिलसिला जारी है। विभूतिखंड निवासी एक पीड़ित ने प्लॉट दिलाने के नाम पर 16.53 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। सुशांत गोल्फ सिटी थाना में कंपनी के निदेशकों समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। विभूतिखंड स्थित एल्डिको एलीगेंस निवासी शिरीष दुबे ने बताया कि वर्ष 2008 में उन्होंने प्लॉट खरीदने के उद्देश्य से कंपनी से संपर्क किया था। 10 अक्टूबर 2008 को अंसल की आवासीय योजना में जे-ब्लॉक में एक प्लॉट बुक कराया गया। 5 जुलाई 2010 को आवंटन पत्र भी जारी किया गया। एग्रीमेंट के तहत उन्होंने कई किस्तों में फरवरी 2023 तक कुल 16.63 लाख रुपये कंपनी और निदेशकों के खाते में ट्रांसफर किए। निर्धारित समय बीतने के बाद जब उन्होंने प्लॉट के कब्जे के संबंध में संपर्क किया तो टालमटोल किया गया।

## चार के खाते से साइबर ठग ने उड़ाए 12.23 लाख

- शेयर, बैंककर्मी, परिचित व जननी सुरक्षा योजना के नाम पर ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने बुजुर्ग और संविदाकर्मी समेत चार लोगों के खातों से 12.23 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं शेयर ट्रेडिंग का झांसा दिया गया तो कहीं बैंककर्मी, परिचित और जननी सुरक्षा योजना के नाम पर ठगी की गई। ये मामले आशियाना, कृष्णानगर, महिगवां और बीकेटी क्षेत्र के हैं। पुलिस ने चारों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

आशियाना निवासी मान सिंह के मुताबिक, कुछ समय पहले उनके मोबाइल पर शेयर ट्रेडिंग का संदेश आया। संपर्क करने पर जालसाज ने जर्मनी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म में निवेश पर मुनाफे का झांसा दिया। इसके बाद पीड़ित ने बताए गए खातों में 19 बार में 8,72,466 रुपये ट्रांसफर कर दिए। मुनाफा न मिलने पर उन्हें ठगी का एहसास हुआ और आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

कृष्णानगर के मानस नगर, विनयनगर निवासी अशोक अग्निहोत्री को पुराने दोस्त के नाम से कॉल आई। मदद के नाम पर बेटे के खाते में 40 हजार रुपये भेजने को कहा गया। बाद में रकम की मांग बढ़ने पर उन्होंने साइबर पोर्टल पर शिकायत की। इसी दौरान 27 जनवरी को पीएनबी कर्मी बनकर जालसाज ने जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में जमा कराने का झांसा देकर जानकारी ली और 10 बार में 2.01 लाख रुपये निकाल लिए। कुल 2.41 लाख की ठगी पर उन्होंने कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई।

महिगवां के ग्राम हेमी निवासी 70 वर्षीय कन्हैया बख्श सिंह एसबीआई योनो एप इंस्टॉल कर रहे थे, तभी कॉल आई। खुद को बैंककर्मी बताकर जालसाज ने एप डाउनलोड कराई और जानकारी हासिल कर 96 हजार रुपये पार कर दिए। वहीं जसवंतनगर निवासी संतोष कुमार, जो बीकेटी स्थित रामसागर मिश्र 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में संविदा सफाईकर्मी हैं, को जननी सुरक्षा योजना के तहत धनराशि भेजने का झांसा दिया गया। क्यूआर कोड साझा करते ही उनके खाते से 43,139 रुपये निकल गए। संतोष कुमार ने बीकेटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## जेईई में उत्तीर्ण न होने पर छात्र ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बाजारखाला के करहेटा इलाके में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) में उत्तीर्ण न होने पर छात्र उज्ज्वल शुक्ला (17) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मूल रूप से रायबरेली के गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के कृष्णपुर ताला गांव निवासी उज्ज्वल शुक्ला बाजारखाला के करहेटा इलाके में विपिन साहू के मकान में करीब दो वर्षों से किराये पर रह रहा था। उसके पिता आशुतोष शुक्ला रायबरेली में स्टेशनरी का व्यवसाय करते हैं। उज्ज्वल लखनऊ में रहकर जेईई की तैयारी कर रहा था। उसके साथ दो अन्य छात्र भी कमरे में रहते थे।

सोमवार शाम जेईई का परिणाम घोषित हुआ, जिसमें उज्ज्वल सफल नहीं हुआ। इसके बाद वह गुमसुम हो गया। रात में साथियों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। सूचना पर मकान मालिक ने खिड़की से देखा तो उज्ज्वल मफलर के सहारे लटका मिला। डायल-112 पर सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को परिजन शव लेकर गृह जनपद चले गए। परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। यदि कोई तहरीर दी जाती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। शुरुआती जांच में जेईई में असफलता के कारण आत्महत्या की बात सामने आई है।

### पानी समझ कीटनाशक पीने अधेड़ की मौत



**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज के न्यू कल्याणपुरी निवासी रामसागर शर्मा (56) ने पानी समझकर कीटनाशक पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे ने चाचा पर साजिश के तहत पानी में कीटनाशक मिलाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ठाकुरगंज स्थित न्यू कल्याणपुरी निवासी रामसागर शर्मा घर के पास सड़क किनारे गुमटी रखकर पान-सिगरेट बेचते थे। बेटे अतुल शर्मा के मुताबिक, सोमवार रात रामसागर घर के निचले हिस्से में पत्नी शिव कुमारी के साथ थे। देर रात वह बीड़ी पीने के लिए कमरे से बाहर निकले। बाथरूम के बाहर गिलास में रखा कीटनाशक पानी समझकर उससे कुल्ला किया और बाद में पी लिया। कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। मुंह से झाग निकलता देख पत्नी घबरा गईं और बेटे अतुल को बुलाया। परिवार वाले उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम हाउस पर बेटे अतुल ने चाचा बसंत लाल शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि खेत में इस्तेमाल होने वाला कीटनाशक पानी में मिलाकर पिता को पिलाया गया। उन्होंने बताया कि घर के बंटवारे के बाद पिता और चाचा के संबंध ठीक नहीं थे। करीब डेढ़ महीने पहले आंगन में पानी के मुद्दे पर दोनों भाइयों में विवाद भी हुआ था। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्लॉट का सौदा कर व्यवसायी से ठगे 30 लाख, एग्रीमेंट से इंकार

- रुपये वापस मांगने पर धमकाया, सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** अमौसी इलाके में प्लॉट बेचने के नाम पर जालसाज ने व्यवसायी से 30.10 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी ने रुपये अपने, चाची-चाची व निजी कंपनी मालिक के खाते में लिए। सौदा तय होने के बाद आरोपी ने रजिस्ट्री से इंकार कर दिया। रुपये वापस मांगने पर असलहा निकालकर धमकाया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के आदेश पर मंगलवार को सरोजनीनगर पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

उन्नाव के आवास विकास कॉलोनी निवासी पवन कुमार यादव ने बताया कि उसने सरोजनीनगर के बेहसा स्थित 800 वर्ग फीट भूखंड का सौदा अमौसी निवासी सौरभ से किया था। आरोपी ने खुद को भूखंड का मालिक बताते हुए 2.70 करोड़ रुपये में विक्रय अनुबंध की बात कही और नायब तहसील बिजनौर सरोजनी नगर का 28 फरवरी 2025 का आदेश भी दिखाया। जाल में फंसे पीड़ित ने मां संतोष कुमारी, भाई शिवम यादव और खुद के खातों से कई बार में आरटीजीएस के माध्यम से सौरभ, उसके चाचा राम किशुन, उनकी पत्नी गीता व नित्या इंटरप्राइजेज के स्वामी टिंकू सोनी के खातों में 30.10 लाख रुपये दिए थे।

आरोप है कि यह रुपये विक्रय अनुबंध और स्टाम्प शुल्क के नाम पर लिए गए। बाद में 29 अगस्त 2025 को जब पीड़ित अपने भाई शिवम संग रजिस्टर्ड विक्रय अनुबंध कराने पहुंचा तो आरोप है कि सौरभ, राम किशुन व टिंकू सोनी ने अनुबंध लिखने से इंकार कर दिया। रुपये वापस मांगने पर गाली-गलौज करते हुए असलहा निकालकर जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित पवन ने सरोजनीनगर थाने में सौरभ, रामकिशुन, उनकी पत्नी गीता और नित्या इंटरप्राइजेज के मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार, डेढ़ करोड़ सीज

**अमृत विचार , लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में जमीन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की कथित ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने गिरोह के सदस्य जितेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आरोपी से जुड़े बैंक खातों में जमा करीब डेढ़ करोड़ रुपये सीज कर दिए गए हैं। मामले में संतोष यादव, जितेंद्र यादव और स्वर्णलता पांडेय के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर की मंजूरी के बाद 13 फरवरी को गिरोह का गैंग चार्ट तैयार किया गया। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 3(1) के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई।

## हादसे में बाइक सवार की मौत

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार:** दुबग्गा स्थित नौबस्ता रेलवे पुल के पास मंगलवार देर शाम बेकाबू लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। घटना के बाद चालक लोडर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने जेब में मिले मोबाइल से परिजन को सूचना दे दी है।

इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय ने बताया कि आशीष कुमार (35) निवासी हसनगंज उन्नाव मंगलवार देर शाम बाइक से हरदोई रोड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आशीष कुमार बाइक समेत उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आशीष ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने लोडर को भी कब्जे में ले लिया है।

### उतराता मिला शव

- अमृत विचार, लखनऊ : गोसाईंगंज इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 5 :30 बजे इंदिरा नहर में एक युवक का शव उतराता मिलने की सूचना मिली थी। परिजन ने शव की पहचान प्रियांशु पुत्र सुधीर कुमार के रूप में की।

## चोरी के वाहन हरदोई में बेचने वाला शातिर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बरामद चोरी के वाहन, (इनसेट में) चोरी करने का आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ऑटो चलाने की आड़ में रेकी कर वाहन चोरी करने वाले शातिर को मड़ियांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी वाहन चोरी कर हरदोई में औने-पौने दाम पर बेचता था। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के दो डाला और उसपर लदी छह बाइकें बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

एडीसीपी उत्तरी ऋषभ रूणवाल ने बताया कि इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र व उनकी टीम ने यादव चौराहे के पास सड़क किनारे तिरपाल से ढके खड़े एक डाले को घेरा। पुलिस को आता देख उसमें बैठा युवक भागने लगा लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजीत शुक्ला उर्फ सुंदरम निवासी निवादा हरदोई हालपता फैजुल्लागंज मड़ियांव बताया। तलाशी में उसके पास से मोबाइल, आधार कार्ड और नकदी बरामद हुई।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि डाला चोरी का है और उसमें लदी मोटरसाइकिलें भी चोरी की हैं। जिन्हें वह हरदोई ले जाने की फिराक में था। आरोपी ने कबूला कि डाला न्याय विहार फैजुल्लागंज से चोरी किया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घैला रोड के पास से एक और चोरी का डाला बरामद किया। इंस्पेक्टर ने बताया कि बरामद वाहनों में दो बाइकें और दो डाला मड़ियांव इलाके से चोरी किया गया था, अन्य चार वाहनों के स्वामी के बारे में आरटीओ से जानकारी मांगी गयी है। आरोपी के खिलाफ अलीगंज और मदेयगंज में भी चोरी के मामले दर्ज हैं।

**कार्रवाई की मांग** | 31 दिसंबर को लटका मिला था ऑटो चालक का शव

## इटौंजा थाने के बाहर लाखन आर्मी का प्रदर्शन

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार:** इटौंजा थाना परिसर में मंगलवार को लाखन आर्मी संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुलिस कार्यशैली के खिलाफ प्रदर्शन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने ढिलवासी गांव में ऑटो चालक बब्लू की संदिग्ध मौत के मामले में कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।



इटौंजा थाने पर प्रदर्शन करते लाखन आर्मी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

इटौंजा क्षेत्र के ढिलवासी गांव निवासी बब्लू (25) पुत्र राम शरण का शव 31 जनवरी को आम के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला था। परिजन ने घटना को हत्या बताते हुए नामजद तहरीर दी थी, लेकिन दो सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप है कि 30 दिसंबर की शाम बब्लू ने कुछ लोगों को ऑटो में बैठाने से मना कर दिया था। इस पर उसका विवाद हुआ और गांव के कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उसकी मां और बहन भी बीच-बचाव करने पहुंचीं तो उन्हें भी पीटा गया था। आरोप है कि हमलावर बब्लू का मोबाइल फोन भी छीन ले गए थे। अगले दिन सुबह ग्रामीणों ने बब्लू का शव आम के पेड़ से लटका मिला था। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। चेतावनी दी कि अगर 24 घंटे के भीतर पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन हजारों समर्थकों के साथ थाने का घेराव कर आंदोलन करेगा।

### प्लॉट के नाम पर कारोबारी ने हड़पे रुपये

**अमृत विचार , लखनऊ :** रियल एस्टेट कारोबारी बनकर एक जालसाज ने व्यक्ति को प्लॉट दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये ठग लिए। दिलकुशा स्थित बनिया बाजार निवासी वीआर द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 2015 में सरस्वती अपार्टमेंट निवासी रमेश कुमार पाल ने खुद को रियल एस्टेट कारोबारी बताते हुए प्लॉट खरीदने के लिए प्रेरित किया। वीआर द्विवेदी ने बुकिंग कर वर्ष 2019 में एक लाख रुपये दे दिए। रजिस्ट्री और कब्जे को लेकर लगातार टालमटोल होने पर उन्होंने रुपये वापस मांगे। आरोप है कि 22 मई 2025 को आरोपी ने साथियों के साथ कैंट क्षेत्र में उनकी पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी।

## इलाज कराने आई वृद्धा से टप्पेबाजों ने उड़ाए लाखों के जेवर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल में इलाज कराने आई एक वृद्धा को झांसा देकर टप्पेबाजों ने लाखों रुपये के जेवरात ठग लिए। पीड़िता की तहरीर पर वजीरगंज थाना में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

मूलतः अंबेडकरनगर के सिकरौरा निवासी धर्मराजी ने बताया कि सात फरवरी को वह कृष्णानगर में रहने वाले अपने दामाद विनय और बेटी के साथ इलाज कराने बलरामपुर अस्पताल पहुंची थीं। इसी बीच एक युवक उनके पास आया। बातों में फंसाकर वह उन्हें अस्पताल के बाहर कोर्ट की एक इमारत की छत पर ले गया। वहां उसने जांच से पहले सारे जेवर उतरवाकर अपनी जेब में रख लिए।

काफी देर तक उसके वापस न आने पर धर्मराजी किसी तरह अपनी बेटी के पास पहुंचीं और पूरी घटना बताई। इसके बाद उन्हें अपने साथ हुई टप्पेबाजी का अहसास हुआ। घटना के बाद वे घर लौट गईं।

इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के अनुसार, अस्पताल और वृद्धा द्वारा बताए गए स्थान पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, लेकिन संदिग्ध युवक फुटेज में दिखाई नहीं दिया।

# कार्यशाला में शुभ्रा गुहा ने बताई ठुमरी और ख्याल गायन की बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्वर-साधना, भाव-अभिव्यक्ति राग की शैलीगत विशेषताओं पर भी डाला प्रकाश

**अमृत विचार:** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में चल रही ठुमरी और ख्याल गायकी की कार्यशाला में शुभ्रा गुहा ने ठुमरी व ख़याल गायकी की बारीकियों को समझाया। साथ ही स्वर-साधना, भाव-अभिव्यक्ति, राग की संवेदनशीलता और शैलीगत विशेषताओं पर प्रकाश डाला।

संवादात्मक शैली में विद्यार्थियों व शोधार्थियों को गायन की तकनीकी तथा शोधपरक समझ को सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण सत्र में गायन में सबीना, तानपुरे पर प्रशांत पाण्डेय और तबले पर सौरभ सिंह ने संगत की।

पद्मभूषण बेगम अख़्तर की स्मृति में स्थापित पीठ के अंतर्गत चार दिवसीय कार्यशाला विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में 16 को शुरू हुई थी।

कार्यशाला की संयोजिका गायन विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को भारतीय शास्त्रीय गायन परंपरा की समृद्धि, तकनीकी विशेषताओं तथा महान कला विभूतियों के सांस्कृतिक योगदान से परिचित कराना है। साथ ही अमूल्य सांगीतिक धरोहर को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाना भी इसका लक्ष्य है। की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में संगीत के प्रति गहन समझ, अनुशासन एवं रचनात्मक दृष्टि विकसित करते हैं तथा परंपरा और आधुनिक शोध के बीच सार्थक सेतु स्थापित करते हैं।



कार्यशाला में ठुमरी और ख्याल गायन की बारीकियां बताती शुभ्रा गुहा। अमृत विचार

## मानव सम्पदा पोर्टल पर संपत्ति विवरण दर्ज करने की समयसीमा बढ़ाएं

अमृत विचार, लखनऊः उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री को स्मरण पत्र भेजकर मानव सम्पदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज करने की समयसीमा एक माह बढ़ाने की मांग की है। महासंघ ने अपने पत्र में मुख्य सचिव के 2 फरवरी के आदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि 31 जनवरी तक विवरण दर्ज न कराने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## सिटी ब्रीफ

### चम्पावत सरस कार्बेट महोत्सव में शामिल होंगे डॉ. अवधेश

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कलाचार्य और अंतरराष्ट्रीय दृश्य कला पत्रिका कला दीर्घा के संपादक डॉ. अवधेश मिश्र आगामी 18 से 24 फरवरी तक उत्तराखंड के टनकपुर में आयोजित चम्पावत सरस कार्बेट महोत्सव में रिसोर्स पर्सन के रूप में सहभागिता करेंगे। उनके मार्गदर्शन में ऐपण शिल्पियों को देश की विविध लोक कलाओं एवं समकालीन कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा। डॉ. अवधेश भारतीय समकालीन कला जगत में लगभग तीन दशकों से सृजन और विचार दोनों के प्रति समान प्रतिबद्धता के साथ सक्रिय हैं। उनकी कला का मूल स्रोत ग्रामीण परिवेश है, जहां बाल्यावस्था से किशोरावस्था तक संचित संवेदनाएं उनकी रचनात्मक चेतना का स्थायी आधार बनीं। उनकी कृतियां केवल दृश्यात्मक संरचनाएं नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक विमर्श का गहन दृश्य-पाठ प्रस्तुत करती हैं।

### माताओं की कबड्डी में बालागंज प्रथम

**अमृत विचार, लखनऊ:** जानकीपुरम पार्क, सेक्टर-8 में विज्ञान फाउंडेशन की ओर से आयोजित गिविंग विंग्स टू ड्रीमर्स कार्यक्रम में परिवार और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन परिवार और बच्चों के बीच संवाद, सहयोग और विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में माताओं की कबड्डी में बालागंज प्रथम, भाइयों की रस्साकशी में पारा ने विजय प्राप्त की। क्रिकेट मुकाबले में बालागंज की टीम 11 रनों से विजयी रही। भाइयों और पिताओं की पंजा लड़ाई, पतंगबाजी, कंचे, खो-खो, बाधा दौड़ और नींबू रेस जैसी प्रतियोगिताओं ने मैदान में जोश और हर्ष भर दिया। विजेताओं को मुख्य अतिथि मनोज वर्मा (सिविल डिफेंस) और पार्षद दीपक लोधी पदक और पुरस्कार दिए।

### सामाजिक न्याय केवल नारों तक सीमित नहीं रहे

**अमृत विचार, लखनऊ:** जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर लालबाग स्थित पसमांदा मुस्लिम समाज के कार्यालय में प्रतिनिधित्व और भागीदारी विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने कहा कि सामाजिक न्याय केवल नारों और प्रतीकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कर्पूरी ठाकुर को सच्ची श्रद्धांजलि देनी है तो उनके कर्पूरी फॉर्मूला को व्यवहार में उतारते हुए पसमांदा समाज को सत्ता और संसाधनों में उनकी आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी देनी होगी। अब सामाजिक न्याय की अधूरी लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक पहुंचाने का समय आ गया है। गोष्ठी में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि आज पसमांदा समाज आर्थिक तंगी, शैक्षिक पिछड़ेपन और सामाजिक उपेक्षा की त्रिस्तरीय चुनौती का सामना कर रहा है।

### 15 अधिकारी व कर्मचारी गायब, रोका वेतन

**अमृत विचार, लखनऊ:** मंडलायुक्त विजय विश्वास पन्त ने मंगलवार को खंड विकास कार्यालय काकोरी का औचक निरीक्षण किया। उपस्थिति रजिस्टर के निरीक्षण में 15 अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए 1 दिन का वेतन रोकने के आदेश दिए। मंडलायुक्त ने कार्यालय में कर्मचारियों की जीपीएफ व सर्विस बुक का भी अवलोकन किया और निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों की एंट्री पूर्ण की जाय। ब्लॉक परिसर में साफ-सफाई व पेयजल की खराब व्यवस्था पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए।



कानपुर रोड स्थित एक होटल में केरल पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित शो में वहां का पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करता कलाकार। अमृत विचार

# संस्कृति से परिचित करा पर्यटकों को दिया केरल आने का न्योता

## केरल के पर्यटन विभाग ने कानपुर रोड स्थित होटल में किया शो का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केरल के पर्यटन विभाग ने मंगलवार को कानपुर रोड स्थित एक होटल में अपने प्रदेश के प्रसिद्ध नृत्यों और अन्य कार्यक्रमों का शो किया। अपने प्रदेश की संस्कृति से लोगों को परिचित कराकर केरल में पर्यटन का न्योता दिया। आल इंडिया ट्रैवेल नाऊ पोस्ट लेटर नाम से पर्यटकों को लुभाने के लिए अभियान शुरू किया गया है। गर्मियों की छुट्टियों से पहले देश के बड़े शहरों में ऐसे रोड शो किए जाएंगे।

केरल के पर्यटन विभाग के सूचना अधिकारी बाबू महेंद्र ने पत्रकारों को बताया कि कोविड के बाद के वर्षों में उनके प्रदेश में घरेलू और विदेशी पर्यटकों की आमद बढ़ी है। पर्यटकों की संख्या को और बढ़ाने के लिए पर्यटन विभाग चेन्नई, बंगलुरु, हैदराबाद, लखनऊ, कोलकाता और इंदौर में रोड शो भी आयोजित करेगा। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को केरल की तरफ आकर्षित करने के लिए इसी फरवरी में तिरुवनंतपुरम में निशागंधी डांस फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसमें ओडिसी, कथकली और भरतनाट्यम जैसे शास्त्रीय नृत्यों का आकर्षण भी देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि 2026 की रफ गाइड में केरल को दुनिया के 26 प्रमुख यात्रा गंतव्यों में चुना गया है।

इसके अलावा 2025 में केरल ने ट्रैवललीशर इंडिया का बेस्ट वेलनेस डेस्टिनेशन अवार्ड भी जीता है। महेंद्र ने बताया कि पर्यटन विभाग कोझीकोड, वायनाड और बेकल को विशेष रूप से फोकस कर रहा है। इन स्थानों पर बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर है। यहां पर पैराग्लाइडिंग और माउन्टेन बाइकिंग का एडवेंचर भी है।



मोहनीअट्टम नृत्य प्रस्तुत करती केरल की कलाकार। अमृत विचार



कथकली प्रस्तुत करता कलाकार।

### साझी दुनिया ने की लोकतंत्र, प्रतिरोध कानून विषय पर चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : सामाजिक संस्था साझी दुनिया ने मंगलवार को यूपी प्रेस क्लब में लोकतंत्र, प्रतिरोध और कानून विषय पर चर्चा का आयोजन किया। इसमें मुख्य वक्ता सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता शाहरुख आलम थीं। उन्होंने कहा कि कानून अंग्रेजों के समय बनाए गए थे। हमें ये देखना होगा कि उस समय किस संदर्भ में ये कानून बने थे, इसका प्रयोग किस तरह होता था। आजकल क़ानून के उपनिवेशवाद की बात हो रही है। अब आईपीसी के स्थान पर बीएनएस हो गया है। उन्होंने उदाहरण दिया कि देशद्रोह के लिए पहले आईपीसी का सेक्शन 124 ए था जो अब बीएनएस 152 हो गया है। अब ये क़ानून और कठोर हो गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीमा आजाद ने की। लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. रूपरेखा वर्मा, ताजीन खान और दया शंकर राय आदि मौजूद थे।

## कैंसर संस्थान और सीडीआर के बीच हुआ करार

**अमृत विचार, लखनऊ :** चक गजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट और सीएसआईआर-केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई), लखनऊ के बीच कैंसर एवं जैव-चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में आपसी सहयोग के लिए करार किया गया है। इस समझौते के तहत दोनों संस्थान शोध, प्रशिक्षण और अकादमिक गतिविधियों में एक-दूसरे का सहयोग करेंगे। कैंसर संस्थान के निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट ने बताया कि करार के अंतर्गत संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। कैंसर के उपचार, नई दवाओं के विकास और जैव-चिकित्सा अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों में मिलकर काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीएसआईआर-सीडीआरआई में छात्रों के लिए प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे तथा दोनों संस्थानों के संकाय सदस्यों के बीच आदान-प्रदान भी किया जाएगा। इससे शोध की गुणवत्ता और व्यावहारिक अनुभव में वृद्धि होगी। इस अवसर पर कैंसर संस्थान के कार्यपालक कुलसचिव डॉ. आयुष लोहिया और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वरुण विजय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विकास नगर लखनऊ व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण हुआ

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** विकासनगर, लखनऊ व्यापार मंडल को मंगलवार को लक्ष्मी कॉम्पलेक्स में भाजपा नेता नीरज सिंह ने शपथ दिलाई।

डवोकेट पान सिंह भंडारी और मो. सबाहत संरक्षक, डॉ. अनुपम सिंह भंडारी चेयरमैन, मो. शोएब जलाली अध्यक्ष, मो. शरीफ सिद्दीकी वरिष्ठ महामंत्री, मो. अकरम कोषाध्यक्ष, अमन शुक्ला महामंत्री, अमान, मुस्तफा खान, मो. अनवर सिद्दीकी, ऋषभ चौरसिया और अनस अहमद वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. पूजा सनवाल, सईद बशीर, फैज खान और मनोज कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष पद की शपथ ली।

लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, विशाल चौरसिया, एडवोकेट पान सिंह भंडारी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, अरविंद पाठक, इमरान कुरैशी, नितिन जैन, गोपाल दीक्षित, राकेश मिश्र (पार्षद), अजय सक्सेना, रिंकू यादव, आशीष श्रीवास्तव, परमजीत सिंह, पवन सिंह चौहान एवं आदर्श सिंह मौजूद रहे।




विकास नगर, लखनऊ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते भाजपा नेता नीरज सिंह।

## सिटी डायरी



कार्यक्रम के मौके पर दीप प्रज्जवलित करते मुख्य अतिथि व अन्य।

### वरिष्ठ नागरिकों को बताए होम्योपैथी के फायदे

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र की ओर से मंगलवार को आईईआई भवन रिवर बैंक कॉलोनी में वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य समस्याओं में होम्योपैथी की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. नीरज वर्मा पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (होम्योपैथी), वाराणसी मंडल ने जोड़ों व घुटनों का दर्द, कमर दर्द, दमा, पाचन विकार, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, अनिद्रा, अवसाद और स्मरण शक्ति में कमी जैसे अपक्षयी रोगों में होम्योपैथी की प्रभावी भूमिका को रेखांकित किया। डॉ. वर्मा ने कहा कि होम्योपैथी शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है। अध्यक्षता कर रहे संस्था के राज्य केंद्र अध्यक्ष वीपी सिंह ने स्वास्थ्य संरक्षण के लिए ऐसे व्याख्यानों को उपयोगी बताया। संयोजक डॉ. जसवंत सिंह ने स्वागत भाषण दिया और संचालन एनके निषाद ने किया।



कार्यक्रम प्रस्तुत करती महिलाएं।

### डॉ. शीतल शपारिया ने होस्ट किया सत्र

**अमृत विचार, लखनऊ:** फिक्की फ्लो के लखनऊ चैप्टर ने निशातगंज स्थित मेट्रो सिटी सेंटर के सफायर सुइट्स में डॉ. शीतल शपारिया के साथ वाइन साइन्स एंड डिवाइन शीर्षक से सत्र होस्ट किया। उन्होंने फ्लो सदस्यों को कैनवस पर वाइन से बने पैटर्न को किसी के व्यक्तित्व और जीवन यात्रा के बारे में बताया जाता है। इस विधा में बची हुई वाइन को कैनवस पर डालने से उभरने वाले चित्र के जरिये व्यक्तित्व की जानकारी मिलती है। कहा कि वाइन रीडिंग भविष्यवाणी की एक प्राचीन पद्धति है। कार्यक्रम में फिक्की फ्लो लखनऊ की चेयरपर्सन वंदिता अग्रवाल, सिमरन साहनी, स्वाति वर्मा, विभा अग्रवाल, देवांशी सेठ, वनिता यादव, नेहा सिंह, स्मृति गर्ग सहित 150 से अधिक फ्लो सदस्य मौजूद थे।



पशुपालन कार्यालय में प्रदर्शन करते फार्मेसीधारक।

### डिप्लोमा धारकों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ:** डिप्लोमा इन वेटरनरी फार्मेसी धारकों ने मंगलवार को प्रक्रिया शुरू करने की मांग को लेकर पशुपालन निदेशालय में प्रदर्शन कर निदेशक को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि, वर्ष 2013 में शासन की अनुमति से मथुरा वेटरनरी यूनिवर्सिटी द्वारा डिप्लोमा इन वेटरनरी फार्मेसी कोर्स संचालित किया गया था। उस समय आश्वासन दिया गया था कि प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को पशुपालन विभाग में फार्मासिस्ट पद पर नियुक्ति दी जाएगी। डिप्लोमा धारकों का आरोप है कि सरकार और अधिकारियों के बदलने के बावजूद उनकी भर्ती की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। चेतावनी दी है कि एक सप्ताह में प्रस्ताव नहीं भेजा गया तो धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।



अस्पताल का निरीक्षण करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

### बिना पंजीकरण संचालित मिले अस्पताल

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एपी सिंह व डॉ. संदीप के नेतृत्व में टीम ने मंगलवार को दुबग्गा, ठाकुरगंज और हरदोई रोड के निजी अस्पतालों जीवन ज्योति, मां वैष्णव, इंपल्स, समीर, बॉम्बे, सरकार, निदान, एसआरएस, हर्बल और न्यू लखनऊ सिटी का औचक निरीक्षण किया। डॉ सिंह ने बताया कि जीवन ज्योति, मां वैष्णव और इंपल्स अस्पताल पंजीकरण नहीं दिखा पाए। इनो को नोटिस जारी दिए गए हैं।

## लापरवाही

500 मीटर तक सड़क किनारे फैले कूड़े से आवागमन में होती परेशानी

# तेलीबाग शनि मंदिर चौराहे के पास शमशान घाट को बना दिया कूड़ा घर



शनि मंदिर चौराहे के पास शमशान घाट के बाहर सड़क किनारे फैला कूड़ा और गंदगी।

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ को स्वच्छ सर्वेक्षण में तीसरे से प्रथम स्थान पर लाने के प्रयास पर नगर निगम के अधिकारी ही कहीं पानी न फेर दें। स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर महापौर सुषमा खर्कवाल की उपस्थिति में एक ओर नगर निगम ने मंगलवार को वृंदावन योजना कालोनी से सभी 110 वार्डों में स्वच्छता प्रतियोगिता की शुरुआत की है, वहीं दूसरी ओर तेलीबाग शनि मंदिर चौराहे के पास ही शमशान घाट को नगर निगम ने कूड़ा घर बना दिया है।

शमशान घाट के बाहर ही गंदगी से बुरा हाल है। करीब 500 मीटर तक शमशान घाट की बाउंड्री के पास सड़क किनारे फैले कूड़े से दुर्गंध के बीच लोग अंतिम संस्कार करने को मजबूर हैं। नगर निगम के साथ ही अन्य प्राइवेट लोग भी ठेलिया से यहां दिन भर कूड़ा और गंदगी डालते हैं। जबकि इस मार्ग से हजारों लोगों की दिन भर आवाजाही रहती है। इस लापरवाही से नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में कहीं पिछड़ न जाए।

- प्रतिदिन हजारों लोगों का इस मार्ग से होता है आवागमन

### शारदा नहर की पटरी पर भी डाल रहे कूड़ा

शमशान घाट के ठीक सामने मुख्य मार्ग के दूसरी ओर शारदा नहर की पटरी पर भी लोग कूड़ा डाल रहे हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का आलम यह है कि नहर की पटरी के दोनों ओर ऊंची झाड़ियां उग आई हैं। कूड़ा डाले जाने से नदी भी प्रदूषित हो रही है। जबकि सिंचाई विभाग वर्ष में दो बार नदी की सफाई का दावा करता है और इसके लिए भारी भरकम बजट भी खर्च करता है। इससे साफ है कि अभियंता सफाई के नाम पर केवल बजट में बंदरबांट कर रहे हैं।

## सिटी ब्रीफ

### भाषा विवि: 23 शिक्षकों को मिली पदोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. अजय तनेजा की अध्यक्षता में 39वीं कार्यपरिषद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय की रोवर्स एवं रेंजर्स इकाइयों का नामकरण किया गया। विश्वविद्यालय में संचालित रोवर्स, रेंजर्स योजना के अन्तर्गत रोवर्स को सुभाष चन्द्र बोस रोवर्स क्रू तथा रेंजर्स को लक्ष्मीबाई रेंजर्स टीम नामांकित किये जाने कार्य परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत 15 जनवरी तक लंबित सभी पदोन्नतियों को स्वीकृति प्रदान की गई। कुल 23 शिक्षकों के प्रमोशन अनुमोदित किए गए। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से 11 गेस्ट फैकल्टी को विजिटिंग फैकल्टी के रूप में इम्पैनल किया गया। कार्यपरिषद ने 32वीं वित्त समिति की सभी संस्तुतियों को अनुमोदित करते हुए वित्तीय एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने का निर्णय लिया।

### लविवि में होगा इंटर हॉस्टल फेस्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी इंटर हॉस्टल कॉम्पीटिशन फेस्ट-2026 का आयोजन 21 फरवरी से 27 फरवरी के मध्य विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में आयोजित हो रहा है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा ने बताया कि इस फेस्ट का शुभारंभ 21 फरवरी को सुबह 9:30 पर सुभाष छात्रावास में किया जाएगा। जबकि इस फेस्ट का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 27 फरवरी को लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में 2:00 अपराह्न किया जाएगा। पुरुष एवं महिला छात्रावासों के अंत:वासियों के लिए कुल तीन वर्गों में प्रतियोगिता विभाजित की गई है। जिसमें सोलो डांस, ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग, मुशायरा, स्किट, रंगोली तथा मिमिक्री को शामिल किया गया है। द्वितीय वर्ग में साहित्यिक प्रतियोगिताओं को शामिल किया जाएगा जिसमें डिबेट, जस्ट ए मिनिट, क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्वरचित कविता, तथा शायरी को रखा गया है। जबकि तृतीय वर्ग में खेलकूद (स्पोर्ट्स) प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा।

### एक्सप्रेशन्स यूथ फेस्ट का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिया पीजी कॉलेज में दो दिवसीय 'एक्सप्रेशन्स यूथ फेस्ट-2026' 'कला के माध्यम से अभिव्यक्ति' थीम की सुन्दर यादों के साथ विदा हो गया। कल्चरल कमेटी की समन्वयक प्रो. जरीन जेहरा रिज़वी ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय 'एक्सप्रेशन्स यूथ फेस्ट-2026' का आयोजन 'कला के माध्यम से अभिव्यक्ति' थीम के साथ 16 और 17 फरवरी को किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय, केएमसी विश्वविद्यालय, इंटीग्रल विश्वविद्यालय, भातखण्डे संगीत सम विश्वविद्यालय समेत शहर के 19 अन्य शिक्षण संस्थानों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने फोटोग्राफी, फिल्म रिव्यू, डिबेट, स्टोन पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग, रंगोली, कोलाज मेकिंग, सेल्फी कान्टेस्ट, ग़ज़ल, कविता लेखन, पोस्टर मेकिंग, मेंहदी, बैत-बाजी, कार्ड मेकिंग एवं बेस्ट आउट वेस्ट की जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई।

### मुख्य विकास अधिकारी से मिले एआरपी

**अमृत विचार, लखनऊ :** एकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष हरि शंकर राठौर के नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी से मिला और समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक सुझाव से अवगत कराया। जिसमें प्रमुख रूप से एआरपी को ग़ैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने, मोबिलिटी भत्ता प्रतिमाह प्रदान करने, एफएलएन प्रशिक्षण जलपान राशि अतिशीघ्र प्रदान करने की मांग की गई। जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कोषाध्यक्ष सर्वेश कुमार गौतम, मंडल सहसंयोजक ज्ञान प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रीना गुप्ता, जिलामंत्री मोहम्मद रियाज, जिला कोषाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा, संयुक्त मंत्री प्रतिमा मिश्रा, सचिन दिवाकर, संगठन मंत्री शालिनी त्रिपाठी सदस्य योगेश द्विवेदी, राजकुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### उपकरण क्रय करने की प्रक्रिया शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य परियोजना कार्यालय माध्यमिक शिक्षा अभियान द्वारा निर्देश के अनुसार जिले के 28 माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत प्रयोगशाला एवं ट्रेड उपकरण सामग्री क्रय की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जेम पोर्टल पर बिड संख्या को प्रकाशित किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र फर्में निर्धारित शर्तों के अनुसार 27 फरवरी तक ऑनलाइन माध्यम से अपनी बिड प्रस्तुत कर सकती हैं।

# तनावमुक्त होकर उत्सव की तरह दें परीक्षा

## मेवाड़ मुकुट के सर्ग, उपसर्ग से लेकर रासायनिक अभिक्रिया तक छात्रों ने पूछे सवाल



विज्ञान चेतना हेल्पलाइन में छात्रों के सवालों का जवाब देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विज्ञान चेतना हेल्पलाइन में हाईस्कूल छात्रों ने पूछे सवाल

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल बोर्ड के छात्रों ने विज्ञान चेतना हेल्पलाइन में जमकर सवाल-जवाब किए और अपनी शंकाओं का समाधान किया। संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार व मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार के निर्देशन में 'विज्ञान चेतना हेल्पलाइन' हाईस्कूल परीक्षा-2026 का आयोजन किया गया। मंडल के सभी जिलों समेत प्रदेश के अन्य जिलों से लगभग 135 परीक्षार्थियों ने हेल्पलाइन पर फोन कर अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। सर्वाधिक फोन लखनऊ और लखीमपुर खीरी से आए, इसके बाद सीतापुर, हरदोई, रायबरेली और उन्नाव के छात्रों ने भी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। मंडल से बाहर सुल्तानपुर, बलरामपुर, शाहजहांपुर आदि जिलों से भी परीक्षार्थियों ने फोन कर शंकाओं का समाधान किया।

भौतिक विज्ञान विशेषज्ञ रोहित कुमार (कुम्हरावां इंटर कॉलेज), रसायन विज्ञान विशेषज्ञ अतेंद्र कुमार सिंह (आरबीएसबी सिंह इंटर कॉलेज, कमलापुर, सीतापुर), जीव विज्ञान विशेषज्ञ दीप्ति विश्वकर्मा (राबाइका सरोसा भरोसा), अंग्रेजी विशेषज्ञ राजश्री खन्ना (आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, बादशाहनगर) और गणित विशेषज्ञ आयुष्मान (राजकीय हाईस्कूल, रसूलपुर सादात) ने छात्र-छात्राओं की समस्याओं का निदान किया।

**टोल फ्री हेल्पलाइन हुआ जारी:** परीक्षार्थियों और अभिभावकों की सहायता के लिए राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। 18001806607 और 18001806608 नंबरों पर कभी भी कॉल किया जा सकता है। पिछली बार की तरह आकस्मिक स्थिति के लिए सभी विषयों के अतिरिक्त रिजर्व प्रश्नपत्र सुरक्षित रखे गए हैं। इसके अलावा उत्तर पुस्तिकाओं में अलग-अलग रंग, बोर्ड का लोगो समेत अन्य सुरक्षात्मक फीचर जोड़े गए हैं।

**121 परीक्षा केंद्रों पर 103088 परीक्षार्थी देंगे यूपी बोर्ड की परीक्षा:** जिले में कुल 120 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जबकि जिला कारागार समेत कुल 121 परीक्षा केंद्र निर्धारित हैं। इनमें 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित 121 स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं, जो केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। नकलमुक्त और पारदर्शी व्यवस्था के लिए मंडल स्तर पर चार सचल दल सक्रिय रहेंगे। लखनऊ में कुल 121 परीक्षा केंद्रों पर 103088 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हो रहे हैं। इनमें हाईस्कूल के 51097 परीक्षार्थी हैं, जिनमें 25675 छात्र और 26232 छात्राएं शामिल हैं। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में 51181 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं, जिनमें 25340 छात्र और 25841 छात्राएं हैं।

**परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं रहेंगी:** केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए साफ शौचालय और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही सभी परीक्षा कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

**सीसीटीवी से होगी 24 घंटे निगरानी:** परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कैमरों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम व मॉनिटरिंग सेल राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में बनाया गया है, जिसके माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। परीक्षा केंद्रों के सतत अनुश्रवण के लिए जनपद में 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित 121 स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। साथ ही जिला स्तर पर छह सचल दल गठित किए गए हैं, जो परीक्षा अवधि में केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे।

**अतिरिक्त बाह्य केंद्र व्यवस्थापक भी रहेंगे मौजूद:** प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ एक-एक अतिरिक्त बाह्य केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सशस्त्र पुलिस बल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई तथा छात्र-छात्राओं की आवश्यकता के लिए फर्स्ट एड की व्यवस्था की गई है।

### परीक्षा के दौरान ध्यान रखने योग्य बातें

- हमेशा उन प्रश्नों का उत्तर पहले दें, जिनके बारे में आप सबसे अधिक आश्वस्त हों।
- सभी उत्तरों पर विचार करने के लिए कुछ समय अवश्य लें।
- चरणबद्ध तरीके से उत्तर दें, क्योंकि प्रत्येक चरण के अंक होते हैं।
- रिवीजन के लिए कम से कम 15 से 20 मिनट का समय अवश्य रखें।

### विशेषज्ञों के सुझाव

**रसायन विज्ञान**

- रासायनिक अभिक्रियाओं एवं समीकरणों का लिख-लिखकर अभ्यास करें।
- रासायनिक यौगिक जैसे प्लास्टर ऑफ पेरिस, बेकिंग सोडा, विरंजक चूर्ण, साबुन एवं अपमार्जक आदि के सूत्र, निर्माण विधि, गुणधर्म एवं उपयोग तैयार करें।

**भौतिक**

- तीन वर्ष के अनसॉल्व्ड पेपर हल करें। परिभाषाएं और सूत्र सही से याद करें।
- न्यूमेरिकल खूब हल करें। न्यूमेरिकल हल करते समय सही सूत्रों और इकाई का ध्यान रखें।

**जीव विज्ञान**

- उत्तर निर्धारित शब्द सीमा को ध्यान में रखकर ही लिखें।
- जीव विज्ञान में आरेखों का विशेष महत्व है।
- परिभाषा, उदाहरण और चित्रों का उपयोग करें।

**अंग्रेजी**

- प्रश्नपत्र को निर्धारित समय में ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- उत्तर आवश्यकता से अधिक विस्तार में न दें।
- प्रश्नों की संख्या ध्यानपूर्वक सही लिखें।
- ग्रामर का अभ्यास करें और नियमों को समझें।

**गणित**

- नियमित अभ्यास करें और एनसीईआरटी पर फोकस करें।
- समांतर माध्य, माध्यिका, बहुलक, क्षेत्रमिति, समांतर श्रेणी, निर्देशांक ज्यामिति आदि से संबंधित प्रश्नों पर विशेष बल दें।
- कॉन्सेप्ट को समझकर अभ्यास करें और सूत्रों का नियमित पुनरावलोकन करें।
- पूर्व वर्षों के प्रश्नपत्र अवश्य हल करें और परीक्षा पैटर्न को समझें।


कंट्रोल रूम में तैयारियों की समीक्षा करते अधिकारी। अमृत विचार

## 24 घंटे कार्य करेगा कंट्रोल रूम और कॉल सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परीक्षा कक्षों में ब्लैक बोर्ड मिट्टी गोबर से पोत दिए गए
- 10-10 कर्मचारियों की 3 शिफ्ट में कार्य करेगा कंट्रोल रूम

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं आज से आरंभ हो रही हैं, जिसके लिए राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में जिले का कंट्रोल रूम और कॉल सेंटर बनाया गया है। यहां की प्रभारी मनीषा द्विवेदी और धीरेंद्र मिश्र ने बताया कि आज रात्रि से कंट्रोल रूम और कॉल सेंटर चौबीस घंटे कार्य करना शुरू कर देगा, जो आगामी 12 मार्च तक सक्रिय रहेगा। इस दौरान ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा केंद्रों, स्ट्रांग रूम समेत सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी। कॉल सेंटर से किसी भी गड़बड़ी या अनियमितता की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी। कंट्रोल रूम में 10-10 कर्मचारियों की 8-8 घंटे की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। यहां से जिले भर के 121 परीक्षा केंद्रों और स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है।

विद्यालय के जिन कक्षों में परीक्षाएं होनी हैं, वहां ब्लैक बोर्ड को मिट्टी और गोबर से पोत दिया गया है। परीक्षा कक्षों में आगे और पीछे दोनों ओर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय कर दिए गए हैं। इसके अलावा कक्षों में वायर रिकॉर्डर भी चालू हैं, जिससे दो परीक्षार्थियों के बीच बातचीत होने पर उसकी आवाज रिकॉर्ड की जा सके। मंडलीय सचल दस्ता के डॉ. दिनेश जायसवाल ने बताया कि परीक्षा केंद्र में कोई छात्र किस रंग के पेन का प्रयोग कर रहा है, यह भी कंट्रोल रूम से देखा जा सकता है। तकनीक के इस युग में परीक्षा में अनियमितता रोकने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा व्यापक तकनीकी प्रबंध किए गए हैं।

## जेईई मेंस में सीएमएस के 99 परसेंटाईल वालों की संख्या बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** जेईई मेन्स 2026 में सफल होने वाले सीएमएस के 23 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा 104 छात्रों ने 95 परसेंटाइल से ऊपर तथा 152 छात्रों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल किए। 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में तेजस राज (99.73), अनुज जैन (99.68), अभ्युदय सार्थक (99.67), भानु प्रकाश वर्मा (99.66), अर्जुन अग्रवाल (99.63), आशुतोष प्रताप सिंह (99.58), ऋषित रायजादा (99.51), नितांत त्रिपाठी (99.49), अर्णव सिंह (99.47), मोहम्मद साइम सुल्तान (99.39), सिद्धिमा शुक्ला (99.39), शिखर कुमार सिंह (99.36), आदित्य सिंह (99.27), उत्सव यादव (99.27), संदर्भ मिश्रा (99.24), भाव्या गुप्ता (99.17), साक्ष्य वंश (99.12) हैं।


परीक्षा देकर परीक्षा केन्द्र से बाहर निकलतीं छात्राएं। अमृत विचार

## शादी समारोह से जेवर व नकदी से भरा बैग चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह के दौरान जेवर और नकदी से भरा बैग चोरी हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर राजीव रंजन के अनुसार, नीलमथा दुर्गापुरी तिराहा निवासी प्रेमचंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी के सिलसिले में 3 और 4 फरवरी को राजपुताना रिसॉर्ट बुक किया गया था। 3 फरवरी की रात करीब 9:30 बजे संगीत समारोह चल रहा था। इसी दौरान 5 से 7 मिनट के लिए बिजली चली गई। अंधेरे के बीच उनकी समधन अंजू जायसवाल का लेडीज बैग गायब हो गया। बैग में मंगलसूत्र, कान के झुमके, घर की चाबी, 20 हजार रुपये नकद और OnePlus Nord 2 मोबाइल फोन रखा था। बिजली आने के बाद बैग की तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिला।

## सीबीएसई और आईएससी की परीक्षा में आसान रहा पेपर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ सहित प्रदेश भर में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गईं। पहली पाली की परीक्षा सुबह निर्धारित समय पर आरंभ हुई। सीबीएसई और आईएससी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सीबीएसई में कक्षा 10वीं का गणित तथा 12वीं का बायोटेक्नोलॉजी और हिंदी का प्रश्नपत्र मंगलवार को सम्पन्न हुआ। वहीं आईएससी में 10वीं का अंग्रेजी और 12वीं का गृह विज्ञान का पेपर कराया गया।

लखनऊ में पहली बार सीबीएसई का क्षेत्रीय केंद्र स्थापित किया गया है, जहां से 31 जिलों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर परीक्षा की निगरानी की व्यवस्था की गई है। सीबीएसई में अब विद्यार्थियों को सेक्शन के अनुसार उत्तर देना होगा और प्रैक्टिकल अप्रोच पर विशेष जोर रहेगा। 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल इवैल्यूएशन यानी कंप्यूटर स्क्रीन पर मूल्यांकन किया जाएगा।

**कार्यक्रम** | भूगर्भ विज्ञान के दिग्गजों ने किया जलवायु परिवर्तन पर मंथन

# पृथ्वी का तापमान महासागर करते हैं नियंत्रित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगर्भ विज्ञान विभाग में देश के शीर्ष वैज्ञानिकों ने जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक विषय पर गहन मंथन किया। दि पैलियोंटोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 27वें प्रो. सुरेश नारायण सिंह स्मृति व्याख्यान माला के अंतर्गत विशेषज्ञों का यह विशेष आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीएसआईआर-राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, गोवा के निदेशक प्रो. सुनील कुमार सिंह ने "बायोजियोकेमिकल साइकिलिंग, महासागरीय संसाधन और जलवायु परिवर्तन" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी का अस्तित्व महासागरों के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। जिस प्रकार थर्मोस्टेट शरीर का तापमान नियंत्रित करता है, उसी प्रकार महासागर पृथ्वी के तापमान को संतुलित रखते हैं।

उन्होंने बताया कि समुद्री जल में मौजूद सूक्ष्म तत्वों और आइसोटोप्स के अध्ययन से हजारों वर्ष पूर्व की जलवायु परिस्थितियों का आकलन किया जा सकता है और भविष्य के संभावित खतरों का अनुमान लगाया जा सकता है।



जलवायु परिवर्तन पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञ व सम्मानित छात्राएं।

**मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान**

समारोह में भूगर्भ विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। स्नातक स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर काव्या गुप्ता को उत्कर्ष ओझा मेडल से सम्मानित किया गया। यह पदक प्रभा शंकर ओझा परिवार द्वारा अपने दिवंगत पुत्र उत्कर्ष ओझा की स्मृति में स्थापित है।

एमएससी स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए रश्मि श्रीवास्तव को कमला भट्टाचार्य मेडल प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. राजीव निगम, डॉ. मुकुंद शर्मा, प्रो. एम.पी. सिंह, प्रो. डी.एस. सिंह, डॉ. रामानंद यादव तथा विभागाध्यक्ष प्रो. ध्रुवसेन सिंह सहित अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी



एआई समिट में कुलपति प्रो. जेपी पांडेय स्टॉल का अवलोकन करते हुए।

### इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एकेटीयू का शानदार प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में देश-विदेश की अग्रणी तकनीकी कंपनियां, स्टार्टअप्स, शिक्षण संस्थान और नीति-निर्माता भाग ले रहे हैं। समिट का उद्देश्य एआई आधारित समाधानों को उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, साइबर सुरक्षा और सुशासन जैसे क्षेत्रों में प्रभावी रूप से लागू करने पर व्यापक विचार-विमर्श करना है। आयोजन स्थल पर नवाचार और अत्याधुनिक तकनीकी संभावनाओं की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। इसी क्रम में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) द्वारा विशेष स्टॉल स्थापित किया गया, जो प्रतिभागियों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब से समर्थित एआई आधारित स्टार्टअप्स ने अपने अभिनव उत्पादों और तकनीकी मॉडलों का प्रदर्शन किया।


ड्रोन से खेतों में किए जाने वाले छिड़काव के बारे में जानकारी देती विशेषज्ञ।

### छात्रों ने किया सीएसआईआर-सीमैप का भ्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** रायबरेली के केंद्रीय विद्यालय के 150 विद्यार्थियों और 5 शिक्षकों का दल सीएसआईआर-केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान सीमैप के शैक्षिक भ्रमण पर आया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों, राष्ट्रीय योगदान तथा औषधीय एवं सगंध पौधों के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के परिचय सत्र से हुई, जिसमें डॉ. ऋषिकेश भिसे द्वारा सीमैप की प्रमुख गतिविधियों, कृषक उन्मुख कार्यक्रमों एवं तकनीकी उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। डॉ. भास्कर शुक्ला, जिज्ञासा नोडल, सीएसआईआर-सीमैप ने 'जिज्ञासा' कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों हेतु संचालित गतिविधियों पर प्रकाश डाला।


बंजारा समुदाय पर आयोजित कार्यक्रम में बोलती वक्ता।

### मध्यकालीन भारत में बंजारा समुदाय पर हुआ व्याख्यान

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पीजी कॉलेज के इतिहास विभाग ने बंजारा समुदाय और मध्यकालीन भारत में उनकी भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. मनीषा चौधरी ने बंजारा समुदाय के बारे में दुर्लभ और महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बंजाराओं के सामाजिक योगदान पर विस्तार से चर्चा की, जैसे बावली (स्टेपवेल) का निर्माण, पशुओं के लिए जल की व्यवस्था, स्थानीय अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका। उन्होंने बताया कि बंजाराओं का अस्तित्व भारत में वैदिक काल तक रहा है।


लविवि छात्र उत्कर्ष।

### लविवि छात्र उत्कर्ष ने जीता पुरस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि के उत्कर्ष सिंह ने नेशनल एनवायरनमेंट यूथ पार्लियामेंट में सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार प्राप्त किया है। नागपुर विवि और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं के तत्वावधान में महाराष्ट्र में संपन्न कार्यक्रम में एमए अर्थशास्त्र के छात्र उत्कर्ष सिंह चौहान ने 14-15 जनवरी को विधान भवन नागपुर में आयोजित नेशनल एनवायरनमेंट यूथ पार्लियामेंट में बेस्ट पार्लियामेंटरियन का पुरस्कार प्राप्त किया है।